हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जून 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

12 कौशल्या धाम में शाकंभरी मां की एक नहीं दो मूर्तियां...



12 प्रशासनिक प्रतिबंध और आदेशों के बावजूद ...



## खबर संक्षेप

### छोटे भाई के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश के चलते छोटे भाई के साथ मारपीट के आरोपी के विरूद्ध पिथौरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टोंगोपथरा के नवीन बरिहा ने बताया कि 07 जून की रात्रि करीबन 07 बजे उसके बड़े भाई धनीराम बरिहा ने उसके घर के पास आकर पुरानी रंजिशवश गाली गलौज कर मारपीट किया। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर डंडे से सिर में मारा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### नगर पंचायत बसना से बाइक चोरी

**महासमुंद।** नगर पंचायत बसना से बाइक चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। छिंदपाली के अरूण कुमार चौहान ने बसना पुलिस को बताया कि 04 जून को दोपहर 1 बजे वह नगर पंचायत बसना अपनी बच्ची का जन्म प्रमाण लेने अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 3580 में गया था। मोटर सायकल को नगर पंचायत के गेट के सामने खड़ी कर अंदर गया, वहां से वापस करीब 01.15 बजे आकर देखा तो बाइक वहां नहीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम पंचायत ढालम भवन के पीछे एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी प्रभात चौहान उर्फ साहनू पिता तुलसी राम चौहान (36 साल) ढालम चौकी भंवरपुर के कब्जे से करीबन 08 लीटर महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को बरामद कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### राजमिस्त्री के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बोईरमाल में राजमिस्त्री के साथ मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज कया गया है। पुलिस को बोईरमाल के नूराधन यादव ने बताया कि वह राज मिस्त्री एवं ठेकेदारी का काम करता है। उसके साथ रूढ़ा का उमेश संवरा भी काम करता है। जिसका 1100 रुपए देना बाकी था, जिसे देने के लिए वह 07 जून की दोपहर करीबन 01:30 बजे उसके घर गया था। इस दौरान उसने 900 रुपए उमेश संवरा को दिया और 300 रुपए देना बाकी था। जब उसने बाकी रुपए बाद में देने की बात कही तो उमेश संवरा के साथ खड़े खिरोद संवरा ने गाली गलौज कर उसके साथ पत्थर से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# निजी तालाब में अज्ञात ने डाला जहर, हजारों मछलियों की मौत

**सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम केसरीपुर की घटना, मछली पालकों को हुआ काफी नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव के आश्रित ग्राम केसरीपुर में तालाब के किनारे मछलियां मरी हुई मिली। निजी तालाब में अज्ञात लोगों के द्वारा जहर मिलाए जाने का अंदेशा है, इससे तालाब मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार केसरीपुर स्थित लगभग 12 से 13 एकड़ के तालाब में मोहन पटेल, चंद्रमणि पटेल और परमानंद पटेल द्वारा मछली पालन किया जा रहा था। सोमवार की सुबह जब ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे, तो उन्होंने भारी संख्या में तालाब के किनारों में मछलियों को मृत और तड़पता हुआ पाया।

बता दें कि तालाब से लगभग 5 क्विंटल मछलियां बाहर निकाली जा चुकी थीं, जबकि तालाब के भीतर अभी भी बड़ी संख्या में मृत और अर्धमृत मछलियाँ मौजूद हैं। इस जहरीली घटना का असर केवल मछलियों तक ही सीमित नहीं है। तालाब में मौजूद मेंढक, केकड़े, घोंघे, झींगा सहित अन्य जलीय जीव भी भारी मात्रा में मृत मिले। इससे तालाब का संपूर्ण पारिस्थितिक तंत्र (इकोसिस्टम) बुरी तरह प्रभावित हुआ है। घटनास्थल के निकट से एक संदिग्ध जहरीले पदार्थ की बोतल भी मिली है, जिससे जानबूझकर जहर डालने की आशंका प्रबल हो गई है।

### ग्रामीणों और पशुओं के स्वास्थ्य पर खतरा

तालाब का उपयोग तीन गांवों के लोग नहाने और अन्य कार्यों के लिए करते थे। इसके अलावा, बड़ी संख्या में मवेशी भी इसी तालाब का पानी पीते हैं। इस जहरीले पानी के कारण ग्रामीणों और पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल स्वास्थ्य विभाग और पशु चिकित्सा विभाग की टीम को भेजकर पानी और स्थिति की जांच कराई जाए।



### सदमे में तालाब मालिक

मेहनत की कमाई को इस तरह नष्ट होते देख तालाब मालिक मोहन पटेल को गहरा सदमा लगा है। उनकी तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित मालिकों ने सांकरा थाना में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि संदिग्ध बोतल की फोरेंसिक जांच हो, दोषियों की शीघ्र पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

**कार्रवाई : धान खरीदी केंद्र पिरदा का मामला, बसना पुलिस की कार्रवाई**

# साढ़े 4 करोड़ का गबन कर लंबे समय से फरार दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बसना थाना क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र पिरदा में 4 साल पहले 17 हजार क्विंटल से अधिक के हेराफेरी के दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बसना पुलिस ने तकरीबन साढ़े 4 करोड़ के इस घोटाले का खुलासा करते बताया कि मामला वर्ष 2020-21 के दौरान पिरदा धान खरीदी केंद्र में हुई 17 हजार क्विंटल से अधिक धान की हेराफेरी से जुड़ा है। वर्ष 2020-21 में पिरदा स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति के धान उपार्जन केंद्र में बड़ी अनियमितता सामने आई थी। जांच में पाया गया कि केंद्र से 17,210.72 क्विंटल धान गायब है। इस धान की कुल कीमत लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए आंकी गई। इस सरकारी राशि का गबन करने के आरोप में 27 मार्च 2024 को थाना बसना में राजेश कुमार सिदार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409 और 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की थी। इस मामले में पहले भी दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ अदालत में दस्तावेज पेश किए जा चुके हैं।

- इस मामले में पहले भी दो लोगों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किए जा चुके हैं दस्तावेज



### तकनीकी जांच से मिली सफलता

मामले के दो मुख्य आरोपी, कन्हाई सेठ और राजकुमार पटेल, घटना के बाद से ही लगातार फरार थे। पुलिस टीम पिछले काफी समय से इनकी तलाश में जुटी थी। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन जांच के आधार पर आज, 8 जून को इन दोनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। पूछताछ के दौरान दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस के पास मौजूद दस्तावेजों से भी यह पुष्टि हुई है कि गबन में उनकी सीधी भूमिका थी।

### दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने कन्हाई सेठ 59 वर्ष निवासी रोहिना, थाना सरायपाली। यह उस समय धान उपार्जन केंद्र पिरदा में व्यवस्थापक और खरीदी केंद्र प्रभारी के पद पर तैनात थे। राजकुमार पटेल 42 वर्ष निवासी बरेकेल, थाना बसना, यह उस समय धान उपार्जन केंद्र समिति पिरदा में सेल्समैन के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने पर्याप्त सबूत मिलने के बाद दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस का अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई की है। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



थाना बसना क्षेत्र, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तोषगांव में अवैध शराब बेची जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपेंद्र कुमार रात्रे (30 वर्ष) को पकड़ा। उसके पास से 30 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत 6,000 रुपए है। थाना पिथौरा क्षेत्र, पुलिस ने ग्राम मेमरा में दबिश दी। वहां हेमंत बारीक (29 वर्ष) के पास से 17.610 लीटर देशी प्लेन और अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसकी कीमत 6,450 रुपए है। थाना महासमुंद क्षेत्र, शहर के भलेसर रोड पर पुलिस ने विकास कुमार सूर्या (21 वर्ष) को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 6.300 लीटर देशी प्लेन और मसाला शराब के साथ बिक्री के 3,100 रुपए भी जब्त किए गए। शराब की कीमत 3,040 रुपए है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 53.910 लीटर अवैध शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब और अन्य सामग्री की कुल कीमत 18,590 रुपए है। पुलिस ने सभी तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# सुशासन तिहार में 10 हजार से अधिक आवेदन लंबित, निराकरण का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सुशासन तिहार 2026 के तहत जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का दावा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का था, लेकिन आंकड़ों पर गौर करें तो अभी भी एक बड़ी आबादी अपनी समस्याओं के हल होने की प्रतीक्षा में है।

जिला प्रशासन के अनुसार, 1 मई से 5 जून तक जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 41 शिविर लगाए गए। इस दौरान प्रशासन को कुल 35 हजार 470 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 24 हजार 725 आवेदनों का निराकरण होने का दावा किया गया है, जो कुल आवेदनों का 70 प्रतिशत है। प्रशासन की इस कार्यप्रणाली के बीच बड़ा सवाल यह है कि शेष 30 प्रतिशत यानी 10 हजार 745 आवेदन अभी भी लंबित क्यों हैं? इन आवेदनों के लंबित रहने से बड़ी संख्या में ग्रामीण इन्ही समस्याओं को लेकर एक बार फिर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटेंगे।



**निराकरण में देरी और विभागीय चुनौतियां:** शिविरों का मुख्य उद्देश्य लोगों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पेयजल और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ दिलाना था। यद्यपि प्रशासन ने शिविरों में मौके पर ही कुछ हितग्राहियों को लाभान्वित किया, लेकिन 10 हजार से अधिक आवेदनों का लंबित होना चिंताजनक है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित विभागों को इन लंबित आवेदनों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के निर्देश दिए हैं।

# मनरेगा मजदूरों को जी राम जी का इंतजार, तभी आएगी काम में तेजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मनरेगा के तहत पंचायतों ने कार्य के लिए प्रस्ताव तो दिए लेकिन, योजना का नाम बदल जाने के चलते सैकड़ों कार्यों की स्वीकृति अब भी नही हो पाई है। मनरेगा का नाम वीबीजीरामजी होने के बाद ग्रामीण इलाकों में चलाए जाने वाले राहत कार्यों में गति आएगी। बता दें कि जिले के कुल 1,153 गांवों में से वर्तमान में केवल 547 गांवों में ही मनरेगा के तहत काम संचालित हो रहा है। इस कारण पंजीकृत मजदूरों का एक बड़ा हिस्सा रोजगार के अवसर मिलने का इंतजार कर रहा है। यह इंतजार मनरेगा योजना के वीबी जीरामजी में पूरी तरह बदल जाने के बाद प्रस्तावित कार्यों की मंजूरी में तेजी आएगी।



उल्लेखनीय है कि जिले में वर्तमान में कुल 2,35,752 मजदूर मनरेगा के तहत पंजीकृत हैं, जो कुल 1,25,310 परिवारों से जुड़े हुए हैं। जिले के विकासखंडों की बात करें तो महासमुंद ब्लॉक में सबसे अधिक 54,645 पंजीकृत मजदूर हैं। इसके बाद पिथौरा ब्लॉक में लगभग 50,000, बागबाहरा में 44,719, सरायपाली में 43,136 और बसना ब्लॉक में 42,299 पंजीकृत मजदूर हैं। भौगोलिक दृष्टि से देखें तो जिले में कुल 1,153 गांव हैं, जिनमें पिथौरा में 249, बागबाहरा में 243, बसना में 226 और महासमुंद ब्लॉक में 195 गांव शामिल हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत रमेश नंदनवार ने स्थिति स्पष्ट करते हुए जानकारी दी है कि वर्तमान में जिले के 547 गांवों में मनरेगा के काम चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन चल रहे कार्यों के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 80,000 पंजीकृत हितग्राहियों को ही रोजगार उपलब्ध हो पा रहा है।

### 2.35 लाख मजदूर, केवल 80 हजार को काम

जिले में पंजीकृत कुल 2.35 लाख मजदूरों के मुकाबले केवल 80 हजार मजदूरों को ही काम मिल रहा है। रोजगार की मांग और उपलब्धता के बीच के इस अंतर के कारण उन गांवों के मजदूर सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं, जहां फिलहाल कोई भी कार्य स्वीकृत नहीं है या काम शुरू नहीं हो पाया है। हालांकि सरपंचों की मानें तो कार्यों के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। पंजीकृत मजदूरों को नियमित रोजगार मिलने में कठिनाई हो रही है। मनरेगा के तहत काम न मिल पाने से ग्रामीणों को अपनी आजीविका चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जो जिले में रोजगार के सीमित अवसरों की ओर सीधा इशारा करता है।

**पीएमश्री बृजराज पाठशाला में समर कैंप का आयोजन**

# बच्चों ने बनाए पक्षियों के लिए घोंसले एवं जलपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पीएमश्री बृजराज पाठशाला में आयोजित समर कैंप के चौथे दिवस विद्यार्थियों के लिए योग, जुम्बा, प्रेरणा गीत एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। समर कैंप का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा पक्षियों के प्रति प्रेम एवं संवेदनशीलता को प्रदर्शित करने वाली गतिविधियां रहीं। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों ने पक्षियों के लिए घोंसले तथा पानी पीने के लिए कोटर (जलपात्र) तैयार किए। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं के प्रति दया एवं प्रकृति से जुड़ाव का संदेश दिया गया।




क्राफ्ट गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने फूलों की सुंदर दोलची बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। योग एवं जुम्बा के माध्यम से बच्चों ने स्वास्थ्य एवं फिटनेस का महत्व जाना, वहीं प्रेरणा गीतों ने उनमें सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर शाला की छात्रा अनन्या साहू के जन्मदिवस पर उनकी माता रेशमा साहू द्वारा नेवता भोज का आयोजन किया गया।

### मंत्रोच्चार के बीच मनाया गया बच्ची का जन्मदिन

साथ ही डीएमएस संकुल समन्वयक डोरा की सुपुत्री मंजुल का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मदिवस समारोह के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा गायत्री मंत्र एवं महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जप कर मंत्रोपचार किया गया। समर कैंप में प्रतिदिन लगभग 75 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं और विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों में उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर, प्रधान पाठक गोमती साहू, शिक्षक भारती सोनी, खेमिन साहू, दुर्गा यादव, स्वाति सिन्हा, बम्लेश्वरी दुबे सहित विद्यालय परिवार शामिल रहा।

# आधी रात युवक पर चाकू से हमला चार लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में आधी रात हुई चाकूबाजी की घटना में एक युवक घायल हो गया। घटना साहू चाय दुकान के पास मेन रोड की है। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में चार आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को बरोंडा चौक दुर्गा मंदिर के पीछे रहने वाले योगेंद्र वैष्णव ने बताया कि 08 जून को अपने साथी आकाश तिवारी के साथ बिरकोनी बरबसपुर क्रेशर प्लांट से मोटर सायकल से रात 2 बजे महासमुंद बरोंडा चौक की ओर गए थे, बरोंडा चौक पहुंचने के बाद वापस आकाश तिवारी के घर इमलीभांठा जा रहे थे, तभी गणेश मंदिर के सामने दो मोटर सायकल में स्मिथ उर्फ पम्पम, पूर्वांश, विक्की एवं उसका एक अन्य साथी खड़े हुए थे। उसने देखा तो वे चारों भी उनका पीछा कर रहे थे। इन लोगों के पीछा करने के कारण प्रार्थी की मोटर सायकल साहू चाय दुकान के आगे मुख्य मार्ग में स्लीप होकर गिर गई।



उसी समय सामने से टोमेंद्र चंद्राकर, पप्पू यादव और अभित्य सिंह मोटर सायकल से आ रहे थे, उन्होंने लोगों को गिरा हुआ देखा तो रुक गए। इसी दौरान दौरान हमारा पीछा कर रहे स्मिथ उर्फ पम्पम, पूर्वांश, विक्की एवं उसका एक अन्य साथी भी रूके और गाली गलौज करने लगे।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि जब उन लोगों ने गाली देने से मना किया तो पूर्वांश ने अपने कमर में रखे हुए चाकू को निकाला और स्मिथ उर्फ पम्पम को दिया, जिसने चाकू लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए टोमेंद्र चंद्राकर की पीठ में चाकू मार दिया, जिससे टोमेंद्र को गंभीर चोट लगी। घटना के बाद चारों आरोपी वहां से फरार हो गए। इसके बाद टोमेंद्र चंद्राकर को इलाज के लिए पप्पू यादव और अभित्य सिंह जिला अस्पताल लेकर गये। जहां से उचित इलाज हेतु रेफर करने के बाद टोमेंद्र को मेकाहारा अस्पताल रायपुर ले जाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के अनुषांगिक संगठन राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउण्डेशन के सुरक्षा प्रभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में सुरक्षा बलों के मनोबल में वृद्धि करने तथा तनाव मुक्ति के लिए आयोजित विशेष अभियान का शुभारंभ नवा रायपुर के सेक्टर-20 स्थित शांति शिखर में किया गया। विषय स्व-सशक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण था। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, सीआईएसएफ के कमाण्डेंट मनिंदर सिंह, बीएसएफ के कमाण्डेंट एसआर खान सहित बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों के अधिकारी और जवान शामिल हुए। पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम ने कहा कि मन में जब द्वंद्व छिड़ा हो तो उसका समाधान गीता के माध्यम से प्राप्त होता है। मन बड़ा बलवान होता है। इसे बहुत अच्छी तरह से गीता में समझाया गया है। जिस दिन अपने मन को समझ जाएंगे, उस दिन बहुत सारी दुविधाओं से मुक्त हो जाएंगे। इसी दौरान रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने आभार प्रदर्शन किया। सभा का कुशल संचालन सेवानिवृत्त कर्नल बीसी सती ने किया।

### भारत नृत्य महोत्सव गोवा में समृद्धि ने जीता रनरअप का अवार्ड




**रायपुर।** कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो एकेडमी की प्रतिभाशाली छात्रा समृद्धि यादव ने भारत नृत्य महोत्सव, पणजी (गोवा) में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रनरअप अवार्ड प्राप्त किया है। देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच समृद्धि ने अपनी आकर्षक प्रस्तुति, उत्कृष्ट भाव-भंगिमा एवं तकनीकी दक्षता से निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें जूनियर वर्ग में रनर-अप सम्मान से नवाजा गया। समृद्धि कई वर्षों से कल्पवृक्ष टैलेंट ग्रो एकेडमी में नृत्य गुरु हरीश बहादुर के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम की शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वे वर्तमान में केपीएस रायपुर की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि पर उनके नाना पीआर अहीर, पिता डॉ. संजीव कुमार यादव और माता डॉ. डॉली अहीर ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### सतनामी समाज ने त्याग व संघर्ष की मूरत नरसिंह मंडल को किया याद



**रायपुर।** सतनामी समाज के पुरोधा एवं आरडीए के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह मंडल की 14वीं पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। रविवार को यह आयोजन न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन प्रांगण में किया गया। इस मौके पर समाज के लोगों ने नरसिंह मंडल की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके त्याग व संघर्षों को याद किया। साथ ही उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि पुष्पांजलि के बाद मंडल की याद में स्मृति दिवस व विचार गोष्ठी आयोजित हुई, जहां पं. अंजोर दास बंजारे ने सुमिरन हार चढ़ावंव तोला...की मंगल प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खण्डे ने कहा कि जीवनभर अविवाहित रहकर सतनामी समाज की दिशा व दशा सुधारने के लिए सदैव संघर्षरत रहे मंडलजी सामाजिक समरसता व एकता की मिसाल थे।

# शिक्षा, सुशासन और संस्कार ही विकसित राष्ट्र की पहचान : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएन) नॉर्वे सरकार तथा भारत स्थित रॉयल नॉर्वेजियन दूतावास द्वारा आयोजित भारत–नॉर्वे ज्ञान एवं अनुभव आदान-प्रदान यात्रा में शामिल होकर लौटीं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि नॉर्वे की यह यात्रा केवल एक औपचारिक विदेश दौरा नहीं, बल्कि सुशासन, सामाजिक विकास, पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक अनुसंधान और मानव-केंद्रित नीति निर्माण को निकट से समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर रही। इस यात्रा ने यह स्पष्ट किया कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक प्रगति उसके नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरणीय संतुलन और संस्थागत मजबूती से निर्धारित होती है।

सांसद चौधरी भारत के आठ सदस्यीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थीं, जिसने नॉर्वे के विभिन्न सरकारी, संसदीय, शैक्षणिक, वैज्ञानिक और औद्योगिक संस्थानों का अध्ययन किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नॉर्वे सरकार के विदेश मामलों के राज्य सचिव एंड्रियास मोट्जफेल्ट क्राविक सहित अनेक वरिष्ठ नीति निर्माताओं, सांसदों, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से संवाद किया।

सांसद ने बताया कि नॉर्वे ने पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच जिस संतुलन को स्थापित किया है, वह विश्व के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। राजधानी ओस्लो में पर्यावरण एवं परिवहन उप-महापौर मैरिट क्रिस्टीन वेआ से हुई चर्चा में यह समझने का अवसर मिला कि किस प्रकार आधुनिक शहरों को हरित परिवहन, स्वच्छ ऊर्जा और नागरिक सहभागिता के माध्यम से अधिक रहने योग्य बनाया जा सकता है। यात्रा के दौरान ओस्लो विश्वविद्यालय और ओस्लो मेट्रोपॉलिटन विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों से संवाद में यह अनुभव प्राप्त हुआ कि उच्च शिक्षा को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर सामाजिक परिवर्तन और नीति निर्माण का आधार बनाया जा सकता है। सांसद ने कहा कि अनुसंधान आधारित शिक्षा व्यवस्था किसी भी राष्ट्र की दीर्घकालिक प्रगति की आधारशिला होती है और भारत को भी शिक्षा तथा शोध में निवेश बढ़ाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना चाहिए।



नॉर्वे की संसद स्टोर्टिंग के भ्रमण को यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए सांसद चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती केवल संविधान से नहीं, बल्कि संस्थाओं की कार्यक्षमता, संवाद की संस्कृति और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही से सुनिश्चित होती है। संसद में विभिन्न समितियों और सांसदों के साथ हुए संवाद ने लोकतांत्रिक परंपराओं और सहमति आधारित शासन व्यवस्था की प्रभावशीलता को समझने का अवसर प्रदान किया। अवसर मिला कि प्राकृतिक संसाधनों का वैज्ञानिक और सतत उपयोग किस प्रकार रोजगार, निर्यात और आर्थिक समृद्धि का आधार बन सकता है। सांसद ने कहा कि भारत के समुद्री, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में भी ऐसी अनेक संभावनाएँ मौजूद हैं, जिन्हें वैश्विक बाजारों से जोड़ा जा सकता है। अंतरिक्ष एवं उपग्रह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत कोंग्सबर्ग सैटेलाइट सर्विसेज (केएसएटी) के भ्रमण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि पर्यावरणीय निगरानी, आपदा प्रबंधन, समुद्री सुरक्षा और संसाधन प्रबंधन का भी महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। केएसएटी और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के बीच दीर्घकालिक सहयोग भारत–नॉर्वे तकनीकी संबंधों की मजबूत नींव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और ऐसे अंतरराष्ट्रीय ज्ञान एवं अनुभव आदान-प्रदान कार्यक्रम विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। नॉर्वे में भारत का प्रतिनिधित्व करना न केवल व्यक्तिगत रूप से गौरव का विषय रहा, बल्कि यह छत्तीसगढ़ और महासमुंद की जनता के विश्वास और अपेक्षाओं का भी सम्मान है। यात्रा से लौटकर सांसद ने यह संकल्प व्यक्त किया कि विश्व के श्रेष्ठ अनुभवों और नवाचारों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अपनाते हुए जनकल्याण, सुशासन, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य और सतत विकास की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा।

## समस्या : झलप अस्पताल फिर हुआ चिकित्सकविहीन

# 80 गांवों की स्वास्थ्य व्यवस्था का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

स्थानीय सरकारी अस्पताल (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) एक बार फिर पूरी तरह से चिकित्सक विहीन हो गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित झलप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी डॉक्टर नहीं, जिसके चलते प्रसूताएं और हादसे के शिकार घायल मरीज के परिजन परेशान हो रहे हैं। कभी दो दो एमबीबीएस यंहा अपनी सेवाएं देते थे, जब एक मात्र भवन मौजूद था। उस वक्त यहाँ रोजाना सौ से ऊपर की ओपीडी रहती थी, आज यंहा सन्नाटा पसरा रहता है। बीस बिस्तर के अस्पताल अब केवल रेफरल सेंटर बन कर रह गया है। वर्तमान में व्यवस्था के तहत यहां सेवाएं दे रहे एकमात्र ग्रामीण चिकित्सा सहायक (आरएमए) को भी हटा दिया गया है। जिसके बाद से पूरे क्षेत्र की शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। इस संवेदनशील अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने आस-पास के करीब 80 गांवों के ग्रामीणों को संकट में डाल दिया है।

### गरीबों और प्रसुताओं पर दोहरी मार

झलप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर क्षेत्र के लगभग 80 गांवों के ग्रामीण इलाज के लिए पूरी तरह निर्भर हैं। इनमें बड़ी संख्या आर्थिक रूप से कमजोर और गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों की है। हालांकि झलप में निजी चिकित्सालय और क्लीनिक मौजूद हैं, लेकिन वहां का महंगा इलाज का खर्च वहन करना इन ग्रामीणों के बस की बात नहीं है। इसके अलावा यह अस्पताल क्षेत्र का एक प्रमुख 'डिलीवरी पॉइंट' भी रहा है, जहां हर महीने बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए भर्ती होती हैं। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां किसी स्थायी चिकित्सक की व्यवस्था नहीं की जा रही है।

### छुट्टियों और शिकायतों के फेर में उलझा विभाग

मिली जानकारी के अनुसार यहां एक एमबीबीएस चिकित्सक की नियुक्ति की गई थी, लेकिन वे उच्च अध्ययन के लिए चार महीने के अवकाश पर चली गई हैं। वहीं यहां पूर्व से पदस्थ महिला आरएमए को भी संतान पालन अवकाश प्रदान कर दिया गया है।

इस बीच वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर सिनोधा से आरएमए सुभाष पटेल की ड्यूटी झलप में लगाई गई थी, जो लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन नियमों के चलते उन्हें अपने मूल स्थान सिनोधा भेज दिया गया है। इस संदर्भ में बीएमओ डॉ विकास चंद्राकर का कहना है जिले के सभी वैकल्पिक व्यवस्था को निरस्त किया गया है, जिसके चलते यह हालत उत्पन्न हुई है, सीएमएचओ को जानकारी दे दी गई है।

### हादसों के रेड जोन में 24 घंटे डॉक्टर की दरकार

झलप अस्पताल की स्थिति इसलिए भी गंभीर है। क्योंकि, यह राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर स्थित है। इस हाईवे पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं और घायलों को प्राथमिक व आपातकालीन उपचार के लिए सबसे पहले इसी अस्पताल में लाया जाता है। डॉक्टरों के न होने से हादसों के शिकार लोगों की जान पर बन आ सकती है।

### ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग झलप और आसपास के क्षेत्र की जनता की सेहत को लेकर गंभीर नहीं है। बार-बार डॉक्टरों की कमी होने के बावजूद कोई स्थायी और ठोस व्यवस्था नहीं की जा रही है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि झलप अस्पताल में तत्काल स्थायी चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए, ताकि सेवाएं सुचारु हो सकें। मांग पूरी न होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## सफाई कार्य व्यवस्था को लेकर हुई बैठक लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा सफाई कार्य व्यवस्था को लेकर स्वच्छता प्रभारी सहित सभी सुपरवाइजर के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारी/ प्रभारी को दिए गए। बैठक में यह भी संज्ञान में लाया गया स्वच्छ भारत मिशन के कुछ सफाई दीदीयों द्वारा मीडिया में अनर्गल एवं भ्रामक बयानबाजी की गयी है, जिससे नगर पालिका की छवि धूमिल हुई है। इस पर अध्यक्ष ने स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक एंव प्रभारी को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यह सुनिश्चित किया जाये कि बिना सक्षम अनुमति के कोई भी कर्मचारी, सफाई मित्र, सुपरवाइजर मीडिया में भ्रामक, अनाधिकृत बयानबाजी न करें। इस प्रकार की अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर में कचरा फैलाने एवं गंदगी करने वाले व्यक्तियों पर भी नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने ने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। बैठक में प्रमुख रूप से स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, स्वच्छ भारत मिशन की समन्वयक नीतू प्रधान, प्रभारी नौशाद बक्श, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, सफाई विभाग के जीतू सोनी, महेश कुमार, वीर कुमार, जितेंद्र सोनी, किशोर सोनी, हेमसिंह ध्रुव, मनोज कुमार, गोपाल सोना आदि उपस्थित थे।

## मोर खारुन मोर सम्मान सफाई अभियान में महापौर एमआईसी सदस्यों ने सफाई मित्रों के साथ किया श्रमदान

*जलकुंभी नदी से निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश*

*स्वच्छता हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : मीनल चौबे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे के नेतृत्व में रविवार को शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी को जलकुंभी मुक्त करने मोर खारुन मोर सम्मान सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में महापौर के अलावा एमआईसी सदस्य, निगम आयुक्त, पार्षद और स्वच्छता दीदियों के साथ सफाई मित्रों ने सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा, जीवनदायिनी खारुन मैया की सफाई करके स्वच्छ रखना हम सबका सामूहिक दायित्व है।



मोर खारुन मोर सम्मान सफाई महाभियान खारुन नदी स्थित महादेवघाट पर रविवार को चलाया गया। महापौर श्रीमती चौबे की अपील पर नगर निगम के जनप्रतिनिधि, आयुक्त संबित मिश्रा की उपस्थिति में बड़ी संख्या में सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों सहित आमजनों ने भी खारुन मैया को जलकुंभी से मुक्त कराने सामूहिक श्रमदान किया।

### ये हुए शामिल

*मोर खारुन मोर सम्मान सफाई महाभियान में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, एमआईसी सदस्य सरिता दुबे, सुमन पांडे, महेंद्र खोडियार, मनोज वर्मा, अमर गिदवानी, भोलाराम साहू, नंदकिशोर साहू, खेम कुमार सेन, जोन अध्यक्ष गज्जू साहू, जोन 3 अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. प्रमोद साहू, जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, श्वेता विश्वकर्मा, प्रीतम सिंह ठाकुर, जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड पार्षद महेंद्र औसर, अर्जुन यादव, प्रभा विश्वकर्मा, स्वप्निल मिश्रा, आशु चंद्रवंशी, आनंद अग्रवाल, देवदत्त द्विवेदी, राजेश कुमार देवांगन, मोहन साहू, सोहन साहू, अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पांडे, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी योगेश कडू सहित स्वच्छता मित्र और स्वच्छता दीदी उपस्थित रहे।*

## मोदी निर्मित महंगाई जनता पर कहर ढा रही : बैज

**रसोई गैस सिलेंडर 3 महीने में दूसरी बार महंगा**



**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आम लोगों को आज महंगाई का एक और झटका लगा है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी गई है। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है, जब घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। विगत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ में 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने वादा किया था, लेकिन अब यह सरकार वादाखिलाफी पर उतर आई है।

उन्होंने कहा, पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद से यह सरकार जनता के जेब पर डकैती कर लगातार मुनाफाखोरी कर रही है। विगत डेढ़ माह में अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर ऊर्जा, ईंधन में 34 गुना इजाफा हुआ है, जिसका सीधा असर थोक महंगाई दर में वृद्धि के तौर पर हुआ है। इसका असर आम जनता की घटती क्रय क्षमता के रूप में स्पष्ट तौर पर दिख रहा है।

## घरेलू कनेक्शन से कमर्शियल ई-वाहन चार्ज करने पर कसेगा शिकंजा, होगा सर्वे

*मप्र सहित कई राज्यों में हो रहा है लगातार एक्शन*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भी लगातार ई-वाहनों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हर माह प्रदेश में 15 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा के साथ कमर्शियल वाहन भी बिक रहे हैं। इसी के साथ ई-बाइक और ई-कारों की बिक्री में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन वाहनों को आमतौर पर वाहन मालिक अपने घरेलू बिजली कनेक्शनों से ही चार्ज कर रहे हैं। निजी वाहनों को चार्ज करने में तो परेशानी नहीं है, लेकिन कमर्शियल वाहनों को घरेलू कनेक्शन से चार्ज करना विद्युत अधिनियम 2003 के मुताबिक अनाधिकृत है। मप्र सहित कई राज्यों में ऐसे मामलों में एक्शन हो रहा है।

अपने राज्य में अब तक कोई एक्शन तो नहीं लिया गया है, लेकिन अब सर्वे कराने की तैयारी है। इसके बाद यहां भी एक्शन लिया जाएगा। पेट्रोल के लगातार बढ़ते दाम के कारण अब लोगों का रुझान ई-वाहनों की तरफ ज्यादा हो रहा है। प्रदूषण से बचने के लिए लगातार ई-रिक्शा का भी उपयोग हो रहा है। राजधानी रायपुर में ही 20 हजार से ज्यादा ई-रिक्शा हो गए हैं। प्रदेश में एक अनुमान के मुताबिक, दो लाख से ज्यादा ई-रिक्शा हैं। इसी के साथ कमर्शियल वाहन भी भारी संख्या में हो गए हैं। कई छोटे दुकानदार ई-दुपहिया वाहनों का उपयोग में माल ढुलाई में कर रहे हैं।

खास खबर

### कमर्शियल वाहनों की चार्जिंग के लिए अलग कनेक्शन जरूरी

*निजी ई-बाइक, ई-स्कूटी और ई-कारों के वाहन मालिक इनको अपने घरेलू बिजली कनेक्शनों से चार्ज कर सकते हैं, लेकिन घरेलू कनेक्शन से ई-रिक्शा सहित अन्य कमर्शियल वाहनों को चार्ज करना अनाधिकृत है। इसके लिए अलग से ठीक उसी तरह से व्यावसायिक कनेक्शन जरूरी है, जिस तरह से किसी दुकान को चलाने के लिए अलग से बिजली कनेक्शन लेना जरूरी होता है, लेकिन अपने राज्य में अलग से कनेक्शन लिए बिना प्रदेश में ज्यादातर कमर्शियल वाहन घरेलू बिजली कनेक्शन से ही चार्ज किए जा रहे हैं। प्रदेश में अब तक इन पर कोई एक्शन नहीं लिया गया है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 (उपधारा 2) के तहत ऐसा करने वालों पर एक्शन लिया जा सकता है। भारी जुर्माना लगाने के साथ ई-वाहन और चार्जिंग उपकरणों को जब्त भी किया जा सकता है। मप्र सहित कई राज्यों में ऐसा एक्शन हो रहा है।*

### कराएंगे सर्वे

प्रदेश में कितने वाहन हैं, इन पर कितनी बिजली खर्च हो रही है। कौन-से वाहनों को घरेलू कनेक्शन से चार्ज किया जा रहा है, इसका सर्वे कराएंगे।

**भीम सिंह कंवर एमडी**
**वितरण कंपनी**

# अपडेट होगी हेल्थ सेंटरों की महत्वपूर्ण दवाओं की सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की किल्लत की शिकायतों की दूर करने आवश्यक और जीवनरक्षक दवाओं की सूची अपडेट होगी। सीएमएचओ, सिविल सर्जन और पीएचसी-सीएचसी और सीजीएमएससी की टीम पुरानी लिस्ट पर आवश्यकतानुसार संशोधन करेगी। दावा किया जा रहा है कि अपडेट लिस्ट के आधार पर दवा निगम के गोदामों में संबंधित दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखा जाएगा। पुरानी सूची अपडेट करने का काम रायपुर जिले से शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

जिला अस्पताल, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आए दिन एंटी रैबीज, टिटनेस के इंजेक्शन, बीपी-शुगर की जरूरी दवाओं की किल्लत होने की शिकायत होती रहती है। इसे दूर करने सीजीएमएससी के अधिकारियों ने प्राथमिक स्तर के हेल्थ सेंटरों में जरूरी दवाओं की करीब दस साल पुरानी सूची को बदलने की तैयारी में है। वर्तमान जरूरतों और स्वास्थ्य केंद्रों में ज्यादा खपत होने वाली दवाओं के बारे में जानने के लिए पुरानी लिस्ट में संशोधन किया जाएगा। इसके लिए दवा निगम के प्रतिनिधि जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मंथन करेंगे। इस आधार 100 महत्वपूर्ण जीवनरक्षक एवं अत्यावश्यक दवाओं की पहचान कर नई सूची तैयार की जाएगी। इसकी पहचान की जा रही है।

### दवा निगम और हेल्थ की बनी टीम

*अपडेट लिस्ट के आधार पर सीजीएमएससी के वेयर हाउस में रहेगा हमेशा पर्याप्त स्टॉक*



### 4 सौ दवाएं स्टॉक में, डेढ़ सौ का क्रय आदेश जारी

अधिकारियों का दावा है कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में सीजीएमएससी के विभिन्न गोदामों में 400 से अधिक प्रकार की दवाईयां उपलब्ध हैं, जिनका स्वास्थ्य संस्थानों की मांग के अनुसार नियमित रूप से वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग 150 अन्य दवाओं के लिए क्रय आदेश जारी किए जा चुके हैं तथा उनकी आपूर्ति विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।

### बारिश की तैयारी भी

*सीजीएमएससी के एमडी रितेश अग्रवाल ने बताया कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सीजीएमएससी द्वारा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। मलेरिया, डायरिया, वायरल बुखार, श्वसन संक्रमण एवं अन्य मौसमी बीमारियों के उपचार में उपयोग होने वाली दवाओं प्राइमाक्वीन, क्वीनिन सल्फेट आदि का पर्याप्त भंडारण किया गया है। मलेरिया रोधी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक वर्तमान में उपलब्ध है तथा अतिरिक्त मात्रा में कई दवाओं की आपूर्ति भी शीघ्र प्राप्त होने वाली है।*

# अब पुलिस थानों और जेल में बनेगी अपराधियों की पहचान की कुंडली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस विभाग और जेल विभाग को अधिकृत एजेंसियों के रूप में अधिसूचित कर दिया है। गृह (पुलिस) विभाग के आदेश के मुताबिक, दोनों विभाग अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आरोपियों और दोषियों से संबंधित पहचान संबंधी मापदंडों (मेजरमेंट) का संग्रह, संरक्षण और साझा करने का कार्य करेंगे।

### क्या है पूरा मामला

*यह आदेश आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 की धारा 4(3) के तहत जारी किया गया है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में यह कानून लागू किया था, जिसने ब्रिटिशकाल के आईडेंटीफिकेशन ऑफ प्रिजनर्स एक्ट-1920 का स्थान लिया। नए कानून के तहत पुलिस और अन्य अधिकृत एजेंसियों को अपराध के आरोपियों, दोषसिद्ध व्यक्तियों तथा कुछ अन्य श्रेणियों के व्यक्तियों के जैविक और शारीरिक पहचान संबंधी आंकड़े एकत्र करने का अधिकार दिया गया है।*

### गृह विभाग ने जारी किया आदेश

### आरोपियों-अपराधियों की पहचान इस तरह होगी

*खास बात ये है कि थानों में आरोपियों और जेलों में बंद अपराधियों की कुंडली तैयार करने के लिए उनके शरीर के विभिन्न अंगों से संबंधित डाटा जुटाया जाएगा। इन आंकड़ों में फिंगरप्रिंट, हथेली और पैरों के निशान, फोटोग्राफ, आईरिस और रेटिना स्कैन, हस्ताक्षर, लिखावट तथा अन्य वैज्ञानिक माप शामिल हो सकते हैं।*

### जांच और अपराध नियंत्रण में मदद का दावा



**जेल और थानों के डाटा संग्रह को मिलेगा कानूनी अधिकार**

*माना जा रहा है कि आधुनिक तकनीक आधारित पहचान प्रणाली से अपराधों की जांच तेज और अधिक सटीक होगी। विभिन्न राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के बीच आंकड़ों का आदान-प्रदान आसान होने से अपराधियों की पहचान और पुराने मामलों की जांच में सहायता मिलेगी। गृह विभाग ने साफ किया है कि पुलिस विभाग और जेल विभाग अपने-अपने क्षेत्राधिकार में इन मापदंडों को एकत्र, सुरक्षित और साझा करने के लिए उपयुक्त एजेंसियां होंगी।*

### कानून को लेकर उठे थे सवाल

*हालांकि यह कानून शुरू से ही बहस का विषय रहा है। कई नागरिक अधिकार संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों ने आशंका जताई थी कि व्यापक स्तर पर बायोमेट्रिक और व्यक्तिगत डेटा संग्रह से निजता के अधिकार पर असर पड़ सकता है। दूसरी ओर सरकार का कहना है कि डेटा का उपयोग केवल कानून प्रवर्तन और आपराधिक जांच के उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।*

### छत्तीसगढ़ में क्या बदलेगा

*इस अधिसूचना के बाद राज्य में पुलिस थानों और जेलों के स्तर पर पहचान संबंधी डेटा संग्रह की प्रक्रिया को कानूनी आधार मिल जाएगा। इससे राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड प्रणाली और अन्य जांच एजेंसियों के साथ समन्वय बढ़ने की संभावना है। विशेष रूप से अंतर्राज्यीय अपराध, पुनरावृत्ति करने वाले अपराधियों की पहचान और लंबित मामलों की जांच में इसका उपयोग महत्वपूर्ण माना जा रहा है।*

**खबर संक्षेप**



## ग्रीन आर्मी एवं जेसीआई सुपर चैप्टर का भव्य आयोजन

**रायपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रीन आर्मी एवं जेसीआई सुपर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुआ। पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं वृक्षारोपण को समर्पित इस आयोजन में 200 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक एवं संस्थापक सदस्य, उद्यमी एवं समाजसेवी राजेश अग्रवाल तथा पूर्व महापौर प्रमोद दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री अग्रवाल, ग्रीन आर्मी के संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मिस्टर टारगेट ने किया। स्वागत उद्बोधन में रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों का स्वागत करते हुए ग्रीन आर्मी के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी दी। ब्लू विंग अध्यक्ष भारती श्रीवास्तव, रात्रि लहरी, जेसीआई सुपर चैप्टर की कोऑर्डिनेटर लीना वाढेर, मोनिका बागरेचा, ब्राउन विंग अध्यक्ष संजय भौमिक आदि ने अपना उद्बोधन दिया।

# महारानी दुर्गावती का शहादत दिवस 24 को मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

बागबाहरा के घुंचापाली स्थित बूढ़ादेव देवालय परिसर में आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद की जिला स्तरीय कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला कार्यसमिति के कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत रिक्त पदों पर नवीन पदाधिकारियों की नियुक्ति, 24 जून 2026 को वीरांगना महारानी दुर्गावती शहादत दिवस पर आयोजन तथा अन्य संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करना था।

बैठक में बताया गया कि पूर्व में आयोजित बैठक में समयाभाव के कारण केवल प्रमुख पदों पर मनोनयन किया गया था तथा शेष रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए पुनः बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में आयोजित इस बैठक में जिला कार्यसमिति, महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रभाग के शेष रिक्त पदों पर सर्वसम्मति से मनोनयन कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। बैठक में जिले के सभी 19 परिक्षेत्रों के राज एवं सर्कल अध्यक्ष, महिला एवं युवा प्रभाग के पदाधिकारी, शासकीय कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समाज के कुटुंबजन



उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने संबंधी विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर ग्राम बांसकुढ़ा (सिरपुर) निवासी प्रतिभावान छात्र भूपेंद्र कुमार नेताम पिता घनाराम नेताम के लिए समाज द्वारा सहयोग की अपील की गई। भूपेंद्र का चयन उच्च शिक्षा के लिए देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आईआईटी मुंबई (महाराष्ट्र) में हुआ है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण उनकी शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए समाज के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने आर्थिक सहयोग के लिए समाजजनों से आगे आने का आग्रह किया। समाज द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। समाज के वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार जैसे क्षेत्रों में ऐसे सकारात्मक प्रयास समाज के विकास की आधारशिला हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी तथा समाज के अधिकाधिक युवा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियाँ हासिल कर समाज का नाम रोशन करेंगे।

### महासमुंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम होगा

समाज के महासचिव बाबूलाल ध्रुव ने बताया कि 24 जून 2026 को गढ़मंडला की वीरांगना महारानी दुर्गावती के शहादत दिवस पर जिला मुख्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महासमुंद जिले के इतिहास में पहली बार महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देते हुए समाज ने सर्वसम्मति से एक महिला को जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है, जो समाज के लिए गौरव का विषय है।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

जिला कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष डेजीरानी नेताम, कार्यकारी जिलाध्यक्ष तुलाराम सोरी, जिला उपाध्यक्ष हरप्रसाद मांझी, पुष्पेंद्र ध्रुव, दीपक कुमार ध्रुव, किशोर कुमार ध्रुव, महासचिव बाबूलाल छेदैहा, कोषाध्यक्ष जयलाल नेताम, सहसचिव कृष्णा ध्रुव, भोजराम ध्रुव, संचालक घांसीराम मरई, सह संचालक भोजराम मरई, नारायण कुंजाम, सलाहकार कन्हैया मरई, संतोष ध्रुव, ऑडिटर राजकुमार नेताम, मीडिया प्रभारी अजय पोडेटी, ओमप्रकाश नेताम, समाज सेवक नरोत्तम नेताम, सेवकराम नेताम, युवा प्रभाग जिलाध्यक्ष हितेश्वर मरई, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार ध्रुव, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डिंपल ध्रुव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सावित्री नेताम, जिला उपाध्यक्ष मोतिम ध्रुव, भूमिका नेताम, सरोज ध्रुव, सचिव सुलोचनी ध्रुव, कोषाध्यक्ष शशि सिंह ध्रुव, सदस्य सुरजौतीन ध्रुव शामिल है।

बैठक में संगठन के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा समाज के विकास और एकता को मजबूत बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अंत में समाजजनों ने बैठक के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों पर खरा उतरने प्रेरित किया। उक्त जानकारी आदिवासी ध्रुव गोंड समाज 52 गढ़ जिला महासमुंद के महासचिव बाबूलाल ध्रुव ने दी है।

# स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : ऐतराम

## भाजपाइयों का सितली नाला में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



भाजपा शहर मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से सितली नाला क्षेत्र में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता एवं हरित पर्यावरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विमल चोपड़ा, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सितली नाला क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए आगे आना चाहिए। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में महेश चंद्राकर, संदीप दीवान, लक्ष्मीधर पाणिग्रही, चंद्रशेखर साहू, मोहन साहू, आलोक दुबे, पार्षद पीयूष साहू, माखन पटेल, मनीष शर्मा, सोनाधार सोनवानी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राकेश सचदेवा, हिमांशु चंद्राकर, भगवती करकसे, लक्ष्मी साहू, दुर्गा सर्वा, देवेंद्र चंद्राकर, नंदू जलक्षत्री आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक वनों की बलि देकर एक पेड़ मां के नाम लगा रही भाजपा : आलोक



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ जीव जंतु कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने जारी प्रेस नोट में कहा है कि ''एक पेड़ माँ के नाम'' लगाकर प्रदेश के लाखों पेड़ों को व्यावसायियों के नाम पर काटा जा रहा है। भाजपा की केंद्र सरकार व राज्य की साय सरकार दोनों देश व प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को पूरी तरह नष्ट करने की योजना बनाकर काम कर रही है। भाजपा शासन में हसदेव क्षेत्र के लाखों पेड़ काटे जा चुके हैं। अब पुनः 1742.6 हेक्टेयर वन भूमि से सात लाख पेड़ों की कटाई की अनुमति कंपनी को दे दी गई है। यह सरकार प्रदेश के हरे-भरे वनों को पूरी तरह सौप चुकी है। कंपनी के लाभ के लिए प्रदेश के आबोहवा में जहर घोलने का काम भाजपा की सरकार कर रही है। प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगलों का विनाश कर अब ग्रेट निकोबार परियोजना के नाम पर द्वीप समूह को नष्ट करने की योजना पर भाजपा काम कर रही है। राहुल गांधी इस सरकार के खिलाफ देशवासियों से अपील कर रहे हैं, कि प्राकृतिक स्थलों की रक्षा करें। यह परियोजना वर्षावनों, प्रवाल भित्तियों और आदिवासी समुदायों के लिए खतरा है। मोदी सरकार का यह तर्क है कि ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना रक्षा और माल ढुलाई बंदरगाह के लिए है। जबकि, असलियत में यह एक व्यवसायी को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। ताकि भारत की सबसे अमूल्य पारिस्थितिक भूमि पर होटल और कैसीनो बना सके। इस द्वीप समूह से कैसीनों के लिए लाखों पेड़ों की बलि देने की तैयारी चल रही है।

# महिलांग के जन्मदिवस पर 135 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ नेता त्रिभुवन महिलांग के जन्मदिवस को समर्थकों ने स्वस्फूर्त रक्तदान किया। प्रेरणा दिवस पर कुल 135 युवाओं ने रक्तदान कर समाज सेवा में सहभागिता दिखाई। रक्तदाताओं को त्रिभुवन महिलांग फैंस क्लब की ओर से वाहन उपयोगी हेलमेट व प्रमाण पत्र देकर उन्हें इस पुनीत कार्य को लगातार जारी रखने की बात कही।

उपस्थित समर्थकों से महिलांग ने अपने जीवन को समाज सेवा मानव सेवा के प्रति पूर्ण समर्पण की बात दोहराई। जन्मदिवस पर




स्थानीय नयापारा बाज़ार वार्ड रेलवे कालोनी के श्रम बाहुल्य वार्डों में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, देवीचंद राठी, रिंकू, सीटू सलूजा, राजा गंभीर, किशन कोसरिया, नपा सभापति सूरज नायक, पार्षदगण विजय साव, राहुल आवडे, सचिन गायकवाड़, संजय शर्मा, बबलू हरपाल, सुनील नायक, नीरज परोहा, रविंद्र महानंद, रिंकू भाई, पूर्व पार्षद अमन चंद्राकर, इमरोज अहमद, कुणाल रंगारी, रूपेश महिलांग, सोमेश सूरज चंद्राकर, अरीश अनवर, सघनजोत, युवराज, शबनम, यश चावला, गंगा बाघ, सलमान इदरीश, सिकंदर, गिरधर आवडे सहित काफी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।



## प्रतिभा पब्लिक में ब्लैक बेल्ट परीक्षा एवं ग्रेडेशन समारोह का आयोजन

**सरायपाली।** प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी के ऑडिटोरियम हॉल में इंटरनेशनल कराते फेडरेशन इंडिया एवं कोटा का-हा शितो यू कराते डो के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार ब्लैक बेल्ट परीक्षा एवं ग्रेडेशन कार्यक्रम का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन नरेश चंद्र अग्रवाल, थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर तथा प्रतिष्ठित व्यवसायी मिथिलेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कराते कोच रेंशी के. पट्टनायक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रतिभागी कराते की विभिन्न विधाओं का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की अद्भुत फुर्ती, अनुशासन और कौशल ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने खेलों और कराते के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कराते केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा का सशक्त माध्यम है। यह बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का विकास करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि नरेश अग्रवाल द्वारा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र तथा विभिन्न श्रेणियों में सफल खिलाड़ियों को उनकी योग्यता के अनुसार येलो बेल्ट, ऑरेंज बेल्ट तथा प्रतिष्ठित ब्लैक बेल्ट से सम्मानित किया गया।

# एमबीबीएस इंटर्न्स के स्टाइपेंड में वृद्धि की मांग

## आईएमए-एमएसएन के नेतृत्व में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की डीन को सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के एमबीबीएस इंटर्न्स को अगस्त 2023 से मात्र 15,900 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड प्राप्त हो रहा है, जो उनकी जिम्मेदारियों, कार्यभार तथा राष्ट्रीय औसत की तुलना में अत्यंत कम माना जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क (आईएमए-एमएसएन) छत्तीसगढ़ द्वारा राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य इंटर्न्स के लिए सम्मानजनक एवं न्यायसंगत स्टाइपेंड सुनिश्चित कराना है। इस अभियान को पूरे प्रदेश के मेडिकल छात्रों और युवा चिकित्सकों का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ है। अब तक विभिन्न शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों से 6,468 से अधिक प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हो चुकी हैं। प्रथम वर्ष से लेकर वर्तमान इंटर्न्स तक सभी शैक्षणिक वर्षों के छात्र इस अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बन रहे हैं और अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित कर रहे हैं।

आईएमए छत्तीसगढ़ द्वारा सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के डीन को ज्ञापन सौंपने की योजना



के अंतर्गत, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद की डीन को भी ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर आईएमए-एमएसएन छत्तीसगढ़ के संयोजक डॉ. शाहदिल खुसरू तथा आईएमए-एमएसएन रायपुर के अध्यक्ष डॉ. संजीव श्रीवास्तव की उपस्थिति में मेडिकल छात्रों ने अपनी मांगों को औपचारिक रूप से रखा। इस दौरान आईएमए के अध्यक्ष डॉ. एचबी कालीकोटी भी मौजूद रहे।

इस ज्ञापन को डीन कार्यालय तक सफलतापूर्वक पहुंचाने एवं संपूर्ण प्रक्रिया का नेतृत्व करने में आईएमए-एमएसएन छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव अक्षित सरकार (बैच 2022), लोकेश्वर जायसवाल (बैच 2024), आशुतोष पाल (बैच 2023), प्रशांत रात्रे (बैच 2023) तथा साहिल मंडावी (बैच 2025) ने महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका निभाई। छात्र प्रतिनिधियों ने इंटर्न्स की स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को प्रभावी ढंग से प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किया और अभियान को सफल बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

### डीन ने दिया सकारात्मक आश्वासन

डीन ने छात्रों की मांगों को गंभीरता से सुना तथा ज्ञापन स्वीकार करते हुए इसे आगे की आवश्यक प्रशासनिक एवं आधिकारिक कार्रवाई के लिए अग्रेषित करने का आश्वासन दिया। साथ ही स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों तक इस विषय को पहुँचाने के लिए छात्र एवं आईएमए प्रतिनिधि लगातार प्रयासरत हैं। सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में ज्ञापन अभियान पूर्ण होने के पश्चात यह मांगपत्र राज्य सरकार के शीर्ष नेतृत्व को सौंपा जाएगा। प्रस्तावित रूप से यह ज्ञापन निम्नलिखित जनप्रतिनिधियों को प्रस्तुत किया जाएगा।

### प्रभावी निर्णय नहीं तो करेंगे वैचारिक रणनीति पर विचार

अस्पतालों की स्वास्थ्य सेवाओं में एमबीबीएस इंटर्न्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे इन युवा चिकित्सकों को उनकी मेहनत और जिम्मेदारियों के अनुरूप सम्मानजनक स्टाइपेंड मिलना चाहिए। आईएमए-एमएसएन छत्तीसगढ़ को आशा है कि राज्य सरकार इस न्यायोचित मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए इंटर्न्स के हित में ठोस कदम उठाएगी। यदि मांगों पर समयबद्ध एवं प्रभावी निर्णय नहीं लिया जाता है, तो छात्र समुदाय आगे की लोकतांत्रिक एवं वैधानिक रणनीति पर विचार करने के लिए बाध्य होगा।

प्रथम पुण्यस्मरण



सुकमा कोंटा में शहीद हुए एवं मातृभूमि के लिये
सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
अमर शहीद आकाश राव गिरेपूंजे जी
स्वर्गलोक गमनः 9.6.2025
को शत्-शत् नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि
श्रद्धांजलि कार्यक्रम - दिनांक 9 जून 2026
सुबह 11:00 बजे से 4:00 तक लाखे नगर चौक, रायपुर
- श्रद्धानवत् -
श्रीमती गीता मंदा गोविंद राव गिरेपूंजे (माता-पिता), श्रीमती स्नेहा आकाश राव गिरेपूंजे (पत्नी), सिद्धांत, नव्या (पुत्र-पुत्री), आदर्श गिरेपूंजे (भाई), श्रीमती रश्मि कमलाकर राव गिरेपूंजे, श्रीमती प्रेमलता बसंत गिरेपूंजे, श्रीमती सुनीता नरेंद्र राव गिरेपुजे (चाची-चाचा), श्रीमती खेमलता मैहरकुरे, श्रीमती रेखा गणेश ठोंबरे, श्रीमती अनीता उमेश मलेवार, (बुवा) एवं समस्त गिरेपूंजे परिवार
- मित्र गण -
सुखनंदन राठौर सर, अविनाश सर, राहुल देव शर्मा सर, कीर्तन राठौर सर, तारकेश्वर पटेल सर, पोर्ते सर, प्रशांत शुक्ला सर, विवेक शुक्ला सर, अमर सिदार सर, अभिषेक अग्रवाल सर
MAHESHWARI

# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4.30 बजे आहूत की गई। जिसमें उपखंड स्तरीय समिति पिथौरा और बागबाहरा से प्राप्त व्यक्तिगत वनाधिकार के कुल 54 सामुदायिक वनाधिकार के 5, सामुदायिक वनाधिकार संसाधन के 02 एवं 02 अन्य प्रकरणों पर विचार विमर्श किया गया उपखंड स्तरीय समितियों से अपात्र अनुशंसित 09 दावों को अंतिम रूप से निरस्त करने का निर्णय लिया गया तथा अधिकांश प्रकरणों में दस्तावेजों की कमी को दृष्टिगत पुनः परीक्षण कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मोंगरा किशन पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य जिला वनाधिकार समिति, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं सदस्य जिला वनाधिकार समिति, जगमोती भोई सदस्य जिला पंचायत निर्वाचित, वनमंडलाधिकारी मयंक पांडे एवं सदस्य जिला वनाधिकार समिति उपस्थित रहें। दावों को सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं सदस्य सचिव जिला वनाधिकार समिति महासमुंद द्वारा परीक्षण कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दैवेभो संघ के प्रदेशाध्यक्ष ने मनाया जन्मदिन



**अरंड (पिथौरा)**। छग दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा का जन्मदिन मनाया गया। इस संबंध में संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी शोभाराम ध्रुव ने बताया कि इनके मार्गदर्शन में व सकुशल नेतृत्व में वर्ष 2018 में 22 दिनों तक अनिश्चितकालीन हड़ताल, वर्ष 2022 में 34 दिन का अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा वर्ष 2024 में 48 दिनों तक लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल का आयोजन किया गया था। प्रत्येक हड़ताल को सिंहा द्वारा चुनौती पूर्ण ढंग से संघर्ष कर सफलता हासिल किया गया।

### शहर के अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**महासमुंद**। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित शहर के एक मात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय तथा सभी शासकीय महाविद्यालय में स्नातक के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 01 जून 2026 से प्रारंभ हो गया है, जो छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक सस्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से अपना फॉर्म भर सकते हैं। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए. प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें, बीकॉम. प्रथम सेमेस्टर 90 सीटें, बीएससी (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें, बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें महाविद्यालय में संचालित है।

### अंग्रेजी शराब बरामद दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने शराब बिक्री कर रह दो लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। जिसमें से एक आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मेमरा में हेमंत बारिक नाम का व्यक्ति नित्यानंद सांड के मकान अवैध शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति ने अपना नाम हेमंत बारिक पिता शरद बारिक (29 साल) बरमुंडा थाना बिजेपुर जिला बरगढ़ हाल निवास ग्राम मेमरा बताया वहीं उसने फरार व्यक्ति का नाम नित्यानंद सांड पिता भिखारी सांड (30 साल) निवासी बरमुंडा थाना बिजेपुर जिला बरगढ़ ओडिशा हाल निवास मेमरा होना बताया। इसके पुलिस ने संदेही के कब्जे से 15 नग देशी प्लेन शराब, 07 नग अंग्रेजी गोवा शराब, 21 नग सिंबा कंपनी का बियर कुल कीमत 4410 रुपए को बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक आज

**महासमुंद**। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन महासमुंद ब्लॉक की बैठक 9 जून मंगलवार को प्रातः 9:30 बजे नीलकंठ राव साकरकर उमाशा भलेसर रोड में रखी गई है। जिसमें पुस्तक वितरण एवं आरटीई के अलावा अन्य विषयों को लेकर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष माधवराव टांकसले व महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने दी है।

# आर्ट ऑफ लिविंग के हैप्पीनेस और इंट्यूशन कोर्स का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

■ शिविर का मुख्य आकर्षण आर्ट ऑफ लिविंग की सबसे महत्वपूर्ण 'सुदर्शन क्रिया' रही

नगर में 2 से 7 जून तक आध्यात्मिक व मानसिक चेतना के विकास के लिए आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस छह दिवसीय कार्यक्रम में बड़ों के लिए 'हैप्पीनेस कोर्स' और बच्चों के लिए इंट्यूशन (अंतःप्रज्ञा) कोर्स' का भव्य व सफल संपादन हुआ।

शिविर में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए भिलाई से वरिष्ठ प्रशिक्षक हरजीत सिंह सहोता और दुर्ग से डॉक्टर शैलजा चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित हुए थे। प्रशिक्षकों ने बहुत ही सरल और सहज तरीके से जीवन जीने की कला का मार्गदर्शन किया। छह दिनों तक चले इस शिविर में नगरवासियों ने विभिन्न प्रकार के योग, गहरे ध्यान और जीवनोपयोगी ज्ञान के सूत्रों को सीखा। शिविर का मुख्य आकर्षण आर्ट ऑफ लिविंग की सबसे महत्वपूर्ण 'सुदर्शन क्रिया' रही, जिसे सभी प्रतिभागियों ने बेहद श्रद्धा और मनोभाव के साथ सीखा। इस क्रिया के माध्यम से लोगों ने मानसिक शांति और तनाव मुक्ति का अनूठा अनुभव किया। इनट्यूशन कोर्स के तहत बच्चों में अद्भुत प्रतिभा का विकास देखने को मिला। शिविर के दौरान बच्चों ने आंखों में पट्टी बांधकर पढ़ना, रंग पहचानना और विभिन्न प्रकार की दैनिक गतिविधियों को सटीकता से करके दिखाया। बच्चों के इस आंतरिक क्षमता और एकाग्रता के प्रदर्शन को देखकर सभी उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध रह गए। इसी कार्यक्रम की कड़ी में शनिवार को एक भव्य सत्संग का आयोजन भी किया गया। इस दिव्य सत्संग में लगभग 150 से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर लोग झूमने को मजबूर हो गए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।



सुदर्शन क्रिया से लोग हुए लाभान्वित

शिविर के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों के चेहरों पर एक अनूठी मुस्कान और सकारात्मक ऊर्जा दिखाई दी। इस कोर्स से मिले अद्भुत लाभ को देखते हुए सभी नगरवासियों और प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि आगामी जुलाई माह में पुनः इस कोर्स का आयोजन और भी अधिक से अधिक संख्या के साथ कराया जाएगा, ताकि नगर के अन्य लोग भी इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के गरिमामय और सफल आयोजन के लिए शालीन देशपांडे, यशवंत अग्रवाल, नरेंद्र पटेल, विश्वजीत सिंह ठाकुर तथा निखिल साहू पिछले कई दिनों से जीजान से जुटे हुए थे। उक्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग के अध्यक्ष यशवंत अग्रवाल ने दी।

## आयोजन: मरार पटेल समाज के महासम्मेलन में जुटे प्रदेशभर के समाजजन

# कौशल्या धाम में शाकंभरी मां की एक नहीं दो मूर्तियां होंगी स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय मरार (पटेल) समाज का महासम्मेलन पाटेश्वर धाम (कौशिल्या धाम) जामड़ी में 7 जून रविवार को महात्यागी संत राम बालक दास के सानिध्य में लोचन पटेल प्रदेश प्रवक्ता मरार महासंघ संस्थापक एवं संयोजक मां भगवती शाकंभरी के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें प्रदेशभर से आए हुए समाज पदाधिकारी एवं लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मरार समाज की ईष्ट देवी मां भगवती शाकंभरी देवी एवं माता कौशल्या की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलव के साथ शुरु हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए बरत राम पटेल अध्यक्ष मरार पटेल महासंघ ने कहा कि मरार समाज को अलग-अलग प्रकोष्ठ में बांटकर कार्य किया जा रहा है। जिसमें कर्मचारी प्रकोष्ठ, राजनीतिक प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ ऐसे अलग अलग 9 प्रकोष्ठ का गठन कर समाज को एकसूत्र में बांधकर कार्य करने का बीड़ा उठाया है और सभी ने निः स्वार्थ समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। बिसेषर पटेल गौ सेवा आयोग अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) ने




**मरार समाज के ही पुरोहितों से कराएं कथा व पूजा**

लोचन पटेल ने अपने संबोधन में समाज की नारा को जन जन तक पहुंचाने समाज की एकता को मजबूत करने की बात करते हुए समाज के लोगों को शादी ब्याह में कथा एवं मरार समाज के पुरोहित से ही पूजा कराने की बात रखी। इस संदर्भ में अलग अलग जिलों में आवश्यक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था बनायी जा रही है। जिससे पूरे समाज में एकता खुशी और भाई चारा का भावना दिखाई दिया। पूरा सभा जय जय शाकंभरी जय जय मरार हर हर शाकंभरी घर-घर शाकंभरी, जय जय शाकंभरी से गूंजायमान हुआ।

राम बालक दास महात्यागी के जीवन एवं उनके संकल्प यात्रा मां कौशल्या धाम एवं समाज को एकजुट होकर रहने के लिए प्रेरित किया। बालयोगेश्वर महात्यागी संत राम बालक दास ने कहा कि मरार समाज बहुत ही मेहनती और भोले भाले, कर्मठ, ईमानदार समाज है, जो जमीन से भी सोना उपजा सकते हैं। उन्होंने श्रीराम के जंगलों में बिताए हुए 14 वर्ष का उदाहरण देते हुए समाज की एकता और सौहार्द्र का तारीफ किया गया। इस संसार में दो ही समाज है एक शाकाहारी और दूसरा मांसाहारी समाज। शाकाहारी समाज जिसके कुल देवी मां भगवती शाकंभरी देवी है। जिसके वंशज आज यहां उपस्थित है। मां कौशल्या धाम में शाकंभरी मां की एक नहीं दो मूर्तियां स्थापित होगी, जो अलग-अलग स्वरूपों में होगी। यहां विभिन्न जातियों के कुल देवी इष्ट देवी स्थापना होगी।

इस अवसर पर लोचन पटेल, बेदलाल पटेल प्रदेश सलाहकार मरार समाज, सियाराम पटेल, कन्हैयालाल पटेल उपाध्यक्ष छग मरार समाज एवं अध्यक्ष खैरागढ़ राज, द्वारिका पटेल, गोपाल पटेल, नरेश पटेल, अश्वनी पटेल, गौतम पटेल, बिसेलाल पटेल, तुकेश पटेल, लक्ष्मण पटेल, दुखु राम पटेल, सेवा राम पटेल, जीवन पटेल, भागचंद पटेल नागपुर, हनसराम पटेल, आशा राम पटेल, भागवत पटेल ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। पंजीयन के लिए गौरव पटेल, देव पटेल ने सेवाएं दी।

## परसदा में विधायक ने आमजनों से की मुलाकात समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सोमवार को ग्राम परसदा (ख) में जन चौपाल लगाकर आमजनों से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा कर उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित भी किया। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से धरमपुर जलाशय परियोजना, लिफ्ट इरीगेशन का सुदृढ़ीकरण, शेड निर्माण, सीसी रोड, शीतला माता मंदिर जीर्णोद्धार सहित अन्य मांगों को विधायक के समक्ष रखी।

विधायक सिन्हा ने आवश्यकता के अनुसार उनकी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी भाजपा की सरकार हर वर्ग के लिए कार्य कर रही है। गरीब, मजदूर, महिला, युवा, किसान, व्यापारी सभी के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। हमारे प्रदेश के किसान भाईयों को उनके उपज का उचित मूल्य मिल रहा है।

गरीबों को खाद्यान्न, आवास योजना, महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। हमने जो वादा किया था वो पूरा कर रहे हैं। ग्रामीणों से मुलाकात करने के पश्चात उन्होंने ग्राम में तीन नवविवाहित जोड़ों से मुलाकात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके अलावा उन्होंने स्व. जनक राम दीवान एवं स्व. सुदामा ध्रुव के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की।

## महिला पतंजलि योग समिति को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट पुरस्कार

**महासमुंद**। जांजगीर-चांपा स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय योग महाकार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर में महिला पतंजलि योग समिति जिला महासमुंद को प्रदेश के प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिले में योग, स्वास्थ्य जागरुकता, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय इस प्रांतीय शिविर में प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से सैकड़ों महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान योग प्रशिक्षण, स्वास्थ्य संरक्षण, संगठन विस्तार, सेवा कार्यों तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक योग और स्वास्थ्य का संदेश पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा एवं प्रशिक्षण दिया गया। सम्मान समारोह में राज्य कार्यकारिणी सदस्य हेमलता साहू, जिला प्रभारी सुमति साहू, जिला महामंत्री पूनम पटले, जिला कोषाध्यक्ष कुंती देवांगन आदि मौजूद रहे।

## प्रशासनिक प्रतिबंध और आदेशों के बावजूद खेतों में धधक रही पराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

प्रशासन द्वारा जारी कड़े दिशा निर्देशों तथा प्रतिबंधात्मक आदेशों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में धान फसल के अवशेष (पराली) जलाने की घटनाएं निरंतर सामने आ रही हैं। हाल ही में खेतों से प्राप्त यह तस्वीर कटाई के पश्चात खेतों में बड़े पैमाने पर आग लगाई जा रही है, जो शासन के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को दर्शाती है। खेतों में सुलगती यह आग न केवल वायुमंडल में विषैला धुआं और बारीक कण जहर घोल रही है, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। ग्रीष्मकाल के इस मौसम में पराली के धुएं के कारण सड़क में चलने वाले राहगीर खेतों के समीप से गुजरने वाले बिजली के तारों और खंभों के भी इसकी चपेट में आने की आशंका बनी रहती है।



भूमि की ऊपरी सतह में मौजूद मित्र कीट, केंचुए और आवश्यक सूक्ष्म जीवाणु पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति समाप्त हो जाती है। पोषक तत्वों का नुकसानः फसल अवशेषों को जलाने से पोषक तत्व जलकर राख हो जाते हैं, जिससे आगामी फसलों में रासायनिक खादों पर निर्भरता और लागत बढ़ जाती है।

# कभी टपकता रहता था कच्चे मकान से पानी, पुष्पा के लिए वरदान बन कर आई प्रधानमंत्री आवास योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कच्चे घर की छत से लगातार टपकता बारिश का पानी और बरसात के वो 4 महीने डर के साये में जीना, न रातों को नींद आती थी और न ही दिन में सुकून। यह किसी कहानी का हिस्सा नहीं बल्कि मोंगरा गांव के पुष्पा साहू और उनके परिवार के जीवन का एक हिस्सा था। लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव किया। पुष्पा साहू का परिवार कभी कच्चे घर की बारबार मरम्मत से परेशान लेकिन अब पक्के मकान में बेफिक्र होकर सुकून से जीवन यापन कर रहे है।

महासमुंद विकासखंड के ग्राम मोंगरा की रहने वाली पुष्पा साहू और उनके परिवार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक वरदान बन कर आई। ऐसा इसलिए क्योंकि इस योजना से पहले उनका परिवार कच्चे मकान में रहता था। जहां बारिश के मौसम में उनके परिवार को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात से पहले हर बार खपरैल को सुधारना, घर की मरम्मत करवाना पड़ता था। जिसमें उनको आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ती थी। सालों से उनको यह समस्या होती थी। उनका और उनके परिवार का सपना था कि काश उनका भी पक्का मकान होता तो बारबार की इस समस्या से छुटकारा मिल जाता। लेकिन उनका परिवार आर्थिक रूप से इतना मजबूत नहीं था कि वो पक्की मकान बना सके।

ऐसे में पीएम आवास योजना उनके परिवार का सहारा बनी। साल 2025-26 में उनका पीएम आवास स्वीकृत हुआ। । इसके लिए 1.20 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिली और उनका पक्का मकान बनाने का सपने को पंख मिल गया। धीरे-धीरे उनका सपना साकार होने लगा और फिर उनका पक्का मकान बन कर तैयार हो गया। पुष्पा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की वजह से उनका बरसों का सपना पूरा हुआ। वह सपना जिसे पूरा करना उनके परिवार के लिए असंभव सा था। पीएम आवास योजना उनके परिवार के लिए वरदान बन कर आई। अब वे अपने पक्के मकान में निश्चिन्त होकर रहते है।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में संगठन को मजबूत करने जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़ की संगठनात्मक बैठक रविवार को हुई। बैठक में भाजपा ओबीसी मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अध्यक्षता मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने की। बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री और मोर्चा के प्रदेश प्रभारी अखिलेश सोनी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महामंत्री उपकार चंद्राकर और आभार महामंत्री अशोक सिन्हा ने किया।

कृष्णा गौर का एयरपोर्ट और प्रदेश कार्यालय आगमन पर मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत उन्होंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में नीम का पेड़ लगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मोर्चा के अथितियों ने संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा ओबीसी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा आगामी चुनौतियों के लिए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर सार्थक चर्चा हुई। वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर संगठन कार्य को और अधिक गति देने का संकल्प लिया। बैठक में महासमुंद ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन पटेल, सोशल मीडिया जिला प्रभारी योगेश कुमार कश्यप, जिला कार्यकारिणी सदस्य देवचंद कहार, मंडल अध्यक्ष माखन पटेल आदि उपस्थित रहे।

# सशिमं के विकास में आचार्यों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : पुरोहित

## कसेकेरा के सरस्वती ग्राम गंगा विद्या मंदिर में 10 दिवसीय नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग चल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति द्वारा प्रदेशभर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर ग्रामीण विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण और गुणात्मक सुधार के लिए जिला स्तर पर नवीन आचार्य संकल्पना वर्ग का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में महासमुंद जिला के ग्राम कसेकेरा स्थित सरस्वती ग्राम गंगा विद्या मंदिर में नवीन आचार्यों के लिए प्रशिक्षण वर्ग संचालित है। इस वर्ग के तहत सोमवार को आयोजित सत्र में ग्राम भारती जिला समिति के सदस्य अनिल पुरोहित मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के विकास में आचार्यों की भूमिका विषय पर केंद्रित अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया।



पुरोहित ने कहा कि आचार्य केवल किताबी ज्ञान देने वाले शिक्षक नहीं हैं, बल्कि वे ग्रामीण अंचलों में संस्कृति और संस्कारों के संवाहक हैं। एक सुदृढ़ और समृद्ध विद्यालय की नींव आचार्यों के समर्पण, नवाचार और उनके उच्च नैतिक आचरण पर टिकी होती है। पुरोहित ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथसाथ भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ना आचार्यों का प्राथमिक कर्तव्य है। विद्यालय के विकास के लिए आचार्यों को ग्रामीणों और अभिभावकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर एक आत्मीय संबंध बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नवीन आचार्यों को शिक्षण की नई पद्धतियों को अपनाकर स्वयं को लगातार अद्यतन (अपडेट) रखना होगा, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण छात्रछात्राओं को मिलेगा।

इस मौके पर वर्ग अधिकारी व विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र साहू मंचस्थ थे। इससे पहले प्रथम सत्र में जिला समन्वयक जयलाल प्रधान ने स्वदेशी, स्वावलंबन, स्वास्थ्य और संस्कृति विषयों पर मार्गदर्शन किया। विदित रहे, प्रशिक्षण वर्ग में जिले के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से 62 प्रशिक्षार्थी आचार्यदीदीजी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।